स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 30.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान — स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में निगम उपायुक्त ए0के0 द्विवेदी की उपस्थिति में निगम में कार्यरत् कर्मचारी श्री उमेश कुमार दीक्षित पिता स्व. रतन कुमार दीक्षित कार्य सहायक ग्रेड–02, श्री नुकैय्या पिता पापैय्या सफाई कामगार, श्री भागवत पिता श्री अभय सफाई कामगार, श्रीमती मधु सोनी पति श्री ध्रुवनारायण सफाई कामगार, को अपनी 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। सेवाकाल पूर्ण किये हुए कर्मचारी को निगम उपायुक्त श्री द्विवेदी के द्वारा शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त श्री द्विवेदी ने कहा कि आप लोगों ने अपने सेवा कार्यकाल में उच्च अधिकारियों द्वारा सौंपे गये कार्यों का निष्ठा पूर्वक संपादन किया जाता रहा है आप लोगों का व्यवहार अधिकारी एवं कर्मचारियों के बीच मधुर संबंध रहें हैं आप लोग अपने सेवाकाल से सेवानिवृत्त हो रहें है निगम परिवार आप लोगों के उज्जवल भविष्य एवं दीर्घायू होने की कामना करता है आप हमेशा निगम परिवार को अपने पास ही पायेंगे।

जनसम्पर्क अधिकारी